an>

Title: Need to take measures for proper implementation of schemes and programmes meant for welfare of Other Backward Classes.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) : हमारे देश में जातियों में एक वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन की रिपोर्ट 2006 के अनुसार जिसकी देश में 41 प्रतिशत आबादी आती है। ओबीसी सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में वर्णित हैं और भारत सरकार उनके सामाजिक और शैक्षिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए हमेशा से प्रयासरत हैं। उदाहरण के लिए ओबीसी रोजगार और उच्च शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण के हकदार हैं। अन्य पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण हेतु सरकार घोषित कानून एवं नियमों के अनुसार समुचित कदम उठाए।